C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 277 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 10 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# विशेष बातचीतः 'भाजपा ने राजनीतिक कारणों से खत्म किए जिले, कांग्रेस सत्ता में आई तो फिर करेगी बहाली : पूर्व मंत्री रामलाल जाट

## प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय से लंबी बातचीत में पूर्व राज्यमंत्री ने खोला मोर्चा; अवैध खनन, महंगाई, संगठन की कमजोरी और भीलवाड़ा की सियासत पर रखी बेबाक राय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान की सियासत, भीलवाड़ा जिले की अंदरूनी हलचल, कांग्रेस संगठन की स्थिति और वर्तमान सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस के पूर्व राज्यमंत्री एवं भीलवाड़ा देहात जिला अध्यक्ष रामलाल जाट ने राजस्थान फोकस और भीलवाड़ा फोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय से विशेष बातचीत में खुलकर अपने विचार रखे। बातचीत के दौरान जाट ने जहां भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए, वहीं कांग्रेस संगठन की कमजोरियों को स्वीकार करते हुए उसे फिर से मजबूत करने का रोडमैप भी सामने रखा।

**जिलों के पुनर्गठन पर बड़ा बयान**

रामलाल जाट ने जिलों के पुनर्गठन के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने अशोक गहलोत के नेतृत्व में प्रशासनिक विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से नए जिलों का गठन किया था।

उन्होंने कहा कि जब 1956 में राजस्थान में 26 जिले थे, तब प्रदेश की आबादी करीब 3 करोड़ थी, जबकि आज यह बढ़कर लगभग 8 करोड़ हो चुकी है। ऐसे में प्रशासनिक इकाइयों का विस्तार समय की मांग है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि जिलों को समाप्त करने का निर्णय पूरी तरह राजनीतिक था।

जाट ने कहा, 'प्रशासनिक फैसले राजनीति से प्रेरित नहीं होने चाहिए। अगर कहीं कोई त्रुटि थी तो उसे ग्राम सभाओं के माध्यम से सुधारा जा सकता था, लेकिन पूरे जिले खत्म करना जनहित के खिलाफ है।

जाट ने साफ किया कि कांग्रेस सत्ता में आने पर ग्राम सभाओं की राय लेकर, जहां जो पंचायत जाना चाहेगी वहां उसे समायोजित करते हुए जिलों को पुनः बहाल करेगी।

**भीलवाड़ा की सियासत और उठापटक पर प्रतिक्रिया**

जिले में हाल ही में जहाजपुर और मांडलगढ़ क्षेत्र से जुड़े विवादों, अवैध खनन के आरोपों और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर जाट ने कहा कि यह जांच का विषय है और जांच पूरी होने से पहले कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से बयान देखे हैं, लेकिन अंतिम सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में बजरी माफिया का नेटवर्क मजबूत है और बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव नहीं है।



**'अवैध खनन रोकना है तो नीति बदलनी होगी'**

रामलाल जाट ने अवैध बजरी खनन को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक वैध खनन को आसान और व्यापक नहीं बनाया जाएगा, तब तक अवैध खनन पर रोक संभव नहीं है।

उन्होंने सुझाव दिया कि 'एम-सैंड' (निर्मित रेत) को बड़े स्तर पर लागू किया जाए और सरकारी व निजी निर्माण कार्यों में इसे अनिवार्य किया जाए।

जाट ने कहा कि इससे नदियों का संरक्षण होगा, भूजल स्तर बेहतर रहेगा और किसानों को भी फायदा मिलेगा। साथ ही सरकार को राजस्व भी मिलेगा, जो अभी अवैध रूप से निजी हाथों में जा रहा है।

**सरकार पर भ्रष्टाचार और विफलताओं का आरोप**

जाट ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान शासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को बार-बार टालना, विकास कार्यों की कमी और प्रशासनिक निष्क्रियता सरकार की प्राथमिकताओं को उजागर करता है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार का काम 'राम नाम जपना, पराया माल अपना' बनकर रह गया है।

**महंगाई, गैस और राष्ट्रीय मुद्दों पर भी साधा निशाना**

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए जाट ने कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश में तेल और गैस के पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था नहीं की गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संकट की स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक हालातों और युद्ध जैसी परिस्थितियों के प्रभाव से देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर दबाव बढ़ रहा है, लेकिन सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है।

**कांग्रेस संगठन पर आत्ममंथन**

बातचीत के दौरान जाट ने यह स्वीकार किया कि कांग्रेस का संगठन कुछ क्षेत्रों में कमजोर हुआ है, विशेष रूप से मांडलगढ़ और बिजोलिया क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों की कमी रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समय मूवमेंट आधारित पार्टी रही है, लेकिन अब संगठन को मजबूत करना जरूरी है।

इसके लिए पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने की योजना बनाई है और जल्द ही ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी।

जाट ने कहा कि वे स्वयं गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं से संपर्क करेंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।

**टिकट वितरण पर स्पष्ट रुख**

मांडलगढ़ क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों और बागी नेताओं के सवाल पर जाट ने कहा कि कांग्रेस में विचारधारा सबसे ऊपर है और व्यक्तिगत मतभेद समय के साथ खत्म हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि टिकट का फैसला पार्टी नेतृत्व करता है और इसमें सर्वे, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनाधार को आधार बनाया जाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक व्यक्ति के लिए कुछ तय नहीं है, जो बेहतर काम करेगा उसे मौका मिलेगा।

**विवेक धाकड़ के निधन पर बयान**

पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के निधन के बाद उठ रहे आरोपों पर जाट ने बेहद संयमित प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील और पारिवारिक विषय है, जिस पर सार्वजनिक टिप्पणी करना उचित नहीं है।

उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भगवान उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

**जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का दावा**

बातचीत के अंत में जाट ने कहा कि कांग्रेस विपक्ष में रहते हुए भी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है।

उन्होंने बताया कि पार्टी महंगाई, बेरोजगारी, खनन नीति और स्थानीय समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन कर रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा।

# राजस्थान विधानसभा समितियों का गठन, राजे-गहलोत-पायलट एक ही समिति में शामिल

## 16 समितियों में बीजेपी का दबदबा, 3 में कांग्रेस सभापति; सदाचार समिति में विधायकों के आचरण की जांच जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा की 16 समितियों 12 सामान्य और 4 वित्तीय का गठन करते हुए उनके सभापति और सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। समितियों में सत्ता पक्ष का वर्चस्व नजर आया है, जहां 11 समितियों में भाजपा विधायकों को सभापति बनाया गया है, वहीं 3 समितियों की कमान कांग्रेस विधायकों को सौंपी गई है।

सबसे खास बात यह रही कि विधानसभा की नियम समिति में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को एक साथ सदस्य बनाया गया है।

**दो समितियों में स्पीकर पदेन सभापति**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव







देवनानी दो समितियों में पदेन सभापति रहेंगे। सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति में भी वे ही अध्यक्ष होंगे। इस समिति में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पहली बार सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जबकि पिछली बार मुख्यमंत्री इस समिति का हिस्सा नहीं थे।

इस समिति में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कुल 16 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें अधिकांश वरिष्ठ विधायकों को जगह दी गई है।

**कांग्रेस को भी मिली अहम जिम्मेदारी**

विपक्ष को भी समितियों में प्रतिनिधित्व दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को जनलेखा समिति का सभापति बनाया गया है। इसके अलावा कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक को प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा नरेंद्र बुडानिया को पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति का सभापति नियुक्त किया गया है।

समितियों के गठन में महिला प्रतिनिधित्व सीमित रहा। केवल एक समिति में महिला विधायक को सभापति बनाया गया है। भाजपा विधायक कल्पना देवी को महिलाओं और बालकों के कल्याण संबंधी समिति में शामिल किया गया है।

विधानसभा की जनलेखा समिति, सदाचार समिति और विशेषाधिकार समिति को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इनमें सदाचार समिति हाल के दिनों में खासा चर्चा में रही है, जो विधायकों के आचरण से जुड़े मामलों की जांच करती है।

# इनामी बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा, पोक्सो व शराब तस्करी मामलों में दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी भीलवाड़ा ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पोक्सो एक्ट के गंभीर मामले में दो साल से फरार था, जबकि दूसरा अवैध शराब तस्करी के मामले में 12 साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि पोक्सो एक्ट के प्रकरण में 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी शंकर नायक को अहमदाबाद से डिटेन किया गया। आरोपी पर आरोप है कि उसने वर्ष 2024 में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया और घटना के बाद से फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर इनाम घोषित किया गया था।पुलिस ने कार्रवाई पुर थानाधिकारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। टीम ने मानवीय सूचना, तकनीकी सहयोग और पारंपरिक पुलिसिंग के माध्यम से आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्रवाई में अवैध शराब तस्करी के मामले में 7500 रुपए के इनामी आरोपी सुनील जाट को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। यह मामला वर्ष 2014 का है, जिसमें हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब से भरे ट्रक को जब्त किया गया था। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

डीएसटी टीम की मदद से आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। आखिरकार पुलिस ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर उसे हरियाणा से डिटेन किया। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# ढ़ेलाणा में अजगर के बच्चे का रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में गुरुवार को एक घर में अजगर का बच्चा मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नंदराम दास वैष्णव के घर पर खाखला लेते समय अजगर का बच्चा दिखाई दिया।

सूचना पर बबलू वैष्णव ने सावधानीपूर्वक करीब दो फीट लंबे अजगर के बच्चे का रेस्क्यू किया। बाद में उसे सुरक्षित तरीके से जंगल



में छोड़ दिया गया।

ग्रामीणों की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते सांप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया।

C M Y K

बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

# महंगी 'अमेरिकन केसर' सहित कई फसलें बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



क्षेत्र में बुधवार रात हुई तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कई खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है और आर्थिक नुकसान का खतरा गहरा गया है।

आकोला के किसान भगवान माली ने अपने खेत में महंगी 'अमेरिकन केसर' की फसल बो रखी थी, जिसकी बाजार कीमत करीब 61 हजार रुपए प्रति क्विंटल बताई जा रही है। लेकिन अचानक आई बारिश ने पूरी फसल को चौपट कर दिया। तेज बारिश के कारण केसर के पौधे जमीन पर गिर गए, फूलों की डोडियां टूट गईं और बड़ी संख्या में फूल झड़ गए। इस नुकसान से किसान को करीब 2 से ढाई लाख रुपए तक का घाटा हुआ है।

वहीं इससे पहले हुई बारिश से चना, सरसों, जौ और गेहूं की फसलों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा था। किसानों का आरोप है कि अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने नहीं आया है।

किसान भगवान माली सहित क्षेत्र के अन्य किसानों ने प्रशासन से फसलों का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# साइबर सुरक्षा पर न्यायाधीश ने दी जानकारी, स्कूलों में शुरू हुई 'कोर्ट वाली दीदी' पहल

**विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सीख, शिकायत पेटी से बिना डर रख सकेंगे अपनी बात**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने साइबर बुलिंग, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में विद्यार्थियों को सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने सोशल मीडिया का सोच-समझकर उपयोग करने, व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचने और संदिग्ध लिंक या कॉल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल भाषा में समाधान किया।

इस अवसर पर न्यायाधीश ने विद्यालय में 'कोर्ट वाली दीदी' शिकायत पेटी की शुरुआत भी की। इस पहल के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में शिकायत पेटियां लगाई जाएंगी, जिनमें छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं, शिकायतें और सवाल लिखकर डाल सकेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण प्रदान करना है। शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी, जिससे बच्चे बिना किसी डर या संकोच के अपनी बात रख सकेंगे।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम इन शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। यह पहल विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# एनएसयूआई स्थापना दिवस पर हुआ वृहद पौधारोपण

**21 पौधे लगाए, कार्यकर्ताओं ने देखभाल का लिया संकल्प**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस पर क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सचिव पूरण गाडरी एवं यूथ कांग्रेस नेता विजेश खटीक के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर कुल 21 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर मुख्य अतिथि रहे। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।




कार्यक्रम में बनवारी गाडरी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सलावटिया में निकली भव्य कलश यात्रा, महारुद्र यज्ञ व शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ

**दत्तात्रेय मूर्ति प्रतिष्ठा व महायज्ञ के तहत 15 अप्रैल तक होंगे धार्मिक आयोजन**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।**



तहसील क्षेत्र के सलावटिया मठ में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 21 कुण्डीय महारुद्र यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन के पहले दिन सुबह श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धा के साथ कलश यात्रा में भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया।

यह आयोजन दत्तात्रेय भगवान, नागेश्वर महादेव एवं ब्रह्मलीन गुरुदेव श्री 108 देवी बनजी महाराज की समाधि स्थल पर मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा के बाद यज्ञ मंडल पूजन किया गया और विधिवत कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

आयोजन के तहत शिवमहापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 14 अप्रैल तक आयोजित होगी। कथा का वाचन महामंडलेश्वर जगदीशपुरी महाराज द्वारा किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को धार्मिक प्रसंगों का रसपान करा रहे हैं।

वहीं महंत दीपक पुरी महाराज के सानिध्य में 9 से 15 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह हवन व महारुद्र यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित विष्णु दाधीच द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं।

आयोजन के अंतिम दिन 15 अप्रैल को गुरु दत्तात्रेय मूर्ति प्रतिष्ठा, यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा।

आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। पूरे आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# मंथरा' की बातों पर मत लगाओ अपना ध्यान नही तो घर टूट जाएगा- पंडित प्रदीप मिश्रा

**भीलवाड़ा तोड़ रहा आस्था ओर भक्ति के सारे रिकॉर्ड, उमड़ा विशाल जनसमूह,जहां दिखी जगह बैठ गए श्रद्धालु**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





**मूलचंद पेसवानी।** मेवाड़ की पावन धरा भीलवाड़ा में पहली बार आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। प्रख्यात कथावाचक 'कुबेर भंडारी' पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा श्रवण के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सात दिवसीय कथा के दूसरे दिन गुरुवार को मेडिसिटी ग्राउंड में बने विशाल डोम व पाइप पांडाल में पैर रखने तक की जगह नहीं बची, ऐसे में कई श्रद्धालु बाहर बैठकर ही कथा सुनते नजर आए।

कथा विश्राम के बाद श्रद्धालु पांडाल की पावन रज माथे पर लगाकर ही बाहर निकले। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा जैसे ही मंच पर पहुंचे, पूरा पांडाल 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' और 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा।

### संस्कार और संगति पर दिया संदेश

कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि हर परिवार और समाज में एक 'मंथरा' होती है, जो लोगों के बीच भ्रम और कलह फैलाने का कार्य करती है। यदि उसकी बातों पर ध्यान दिया जाए तो परिवार टूट सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे लोहे को लोहा काटता है, वैसे ही नकारात्मकता को शिव महापुराण की कथा सुनकर दूर किया जा सकता है।

उन्होंने जीवन के 16 संस्कारों में प्रसन्नता को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि व्यक्ति को हर परिस्थिति में समभाव बनाए रखना चाहिए। साथ ही तीर्थयात्रा और भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को जीवन बदलने वाला बताया।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव की प्राप्ति के लिए मन की शुद्धता और अहंकार का त्याग आवश्यक है। जब व्यक्ति जीवन में ठोकर खाता है, तब महादेव की शरण उसे सही मार्ग दिखाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आस्था के साथ शिवलिंग पर जल अर्पित करने और भक्ति मार्ग अपनाने का आह्वान किया।

### पत्नी को बताया अर्धांगिनी का वास्तविक अर्थ

कथा के दौरान उन्होंने पारिवारिक जीवन पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्नी परिवार का महत्वपूर्ण स्तंभ होती है। वह पति के जीवन के तनाव को अपने ऊपर लेकर संतुलन बनाए रखती है, इसलिए उसे अर्धांगिनी कहा जाता है।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान 'वो काशी रहने वाला बाबा भोलेनाथ चाहिए' सहित कई भजनों पर हजारों श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, भावविभोर होकर झूमती नजर आईं। पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा।

### श्रद्धालुओं के अनुभव भी साझा

कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने कुछ श्रद्धालुओं के पत्र पढ़े, जिनमें शिव भक्ति से उनकी समस्याओं के समाधान का उल्लेख था। ऐसे श्रद्धालुओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया और बिल्व पत्र प्रदान किए गए।

### आयोजन समिति ने संभाली व्यवस्थाएं

देशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में समिति के सदस्य रात में भी पांडाल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

# भीलवाड़ा में 19 अप्रैल को होगा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**निंबार्क आश्रम में बैठक व पोस्टर विमोचन, युवा संगठन को सौंपी जाएगी अहम जिम्मेदारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में आगामी 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इसी क्रम में गुरुवार को गांधी नगर स्थित श्री निंबार्क आश्रम में पूज्य महंत मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में महत्वपूर्ण बैठक एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया तथा आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर दक्षिणी प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी सहित युवा साथियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

महंत मोहन शरण शास्त्री ने संगठन को आगामी मुख्य आयोजन की व्यवस्थाओं में भागीदारी के लिए आमंत्रित करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने का आग्रह किया। बैठक में शोभायात्रा, भजन संध्या, स्वागत व्यवस्था, पंजीयन, मंच संचालन और अतिथि समन्वय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

महंत शास्त्री ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समरसता, सादगी और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे सफल बनाना सभी का सामूहिक दायित्व है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राघव कोठारी ने आश्वस्त किया कि संगठन पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान राकेश शर्मा, नीलम शर्मा, कैलाश अरोड़ा, ओम सेन, गोपाल शर्मा, जगदीश लढा, रमेश मूंदड़ा, प्रमोद डाड, आशीष झंवर, जय बांगड़, रवि सोडाणी सहित राघव पाराशर, ललित देवनानी व समिति के सदस्य एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान युवक की मौत, परिजनों में आक्रोश

**केबिन हटाते समय हादसा, मुआवजे व कार्रवाई की मांग को लेकर मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पांसल चौराहा क्षेत्र में हुई इस घटना ने इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन के पीछे रहने वाला 23 वर्षीय महावीर सैन पुत्र गणपत लाल सैन अपनी रोजी-रोटी का साधन बनी केबिन को हटाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से भारी केबिन की उसके सिर पर लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे।

उनका कहना है कि जल्दबाजी और लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है।

घटना के बाद गांधीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में परिजन व समाजजन मोर्चरी के बाहर एकत्रित हो गए और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दिनभर अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा। फिलहाल प्रशासन व पुलिस अधिकारी समझाइश में जुटे हुए है



QUICK BITES

## भाविप शाखा भोजरास के चुनाव संपन्न, अशोक अजमेरा बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा




( गोपाल ) भारत विकास परिषद शाखा भोजरास के सत्र 2026 व 27 के लिए मुख्य दायित्वधारियों के चयन के लिए प्रांत द्वारा निर्देशित प्रांतीय संयोजक सी ए जितेंद्र पीपाड़ा विजयनगर के सानिध्य में वंदे मातरम गायन के पश्चात विधिवत रूप से चयन प्रक्रिया संपन्न की। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अशोक अजमेरा , सचिव पद के लिए अशोक मानावत , व कोषाध्यक्ष के लिए दिलकुश मेवाड़ा को निर्विरोध रूप से चयन किया गया पीपाड़ा ने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा व संस्कार के कार्यों के बारे में परिषद सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही भोजरास शाखा द्वारा किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विजयनगर शाखा के वरिष्ठ सदस्य बुद्धि प्रकाश पारीक का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा पूर्व अध्यक्ष भंवर लाल टेलर, शाखा वरिष्ठ सदस्य दुर्गा प्रसाद मालपानी, विष्णु शर्मा, लादूराम जाट, सतीश मालपानी, संपत पूरी, ओमप्रकाश मेवाड़ा, श्रवण गुर्जर, जगदीश अजमेरा व मातृशक्ति रेखा अजमेरा व कैलाश देवी टेलर उपस्थित रहीं द्य

## गौ सम्मान आह्वान अभियान को मिला जैन समाज का समर्थन

**नवकार महामंत्र दिवस पर हस्ताक्षर अभियान, महिलाओं ने भी निभाई सक्रिय भागीदारी**

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



संपूर्ण भारत में संतों द्वारा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान को कस्बे में सकल जैन समाज एवं अणुव्रत मंच की महिला मंडल ने पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर कालू कल्याण कुंज में आयोजित नवकार महामंत्र दिवस के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

अभियान से जुड़े राजेश रांका ने बताया कि जैन समाज के बंधुओं ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर कर गौ-रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।

इस अवसर पर अणुव्रत मंच की अध्यक्ष प्रीति रांका ने महिलाओं को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ माता की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस पावन अभियान से जुड़कर गौ-रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के दौरान 'गौ माता की जय' के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

इस मौके पर चमन लोसर, घेवरचंद बाबेल, रमेश हिरण, नानालाल बापना, शोभालाल जीनगर, नंदकिशोर तेली, दिनेश लक्षकार, प्रवीण नौलखा, देवीलाल जैन, ममता जीनगर, रेखा नौलखा सहित जैन समाज के कई कार्यकर्ता एवं महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैन समाज की यह सक्रिय भागीदारी गौ-रक्षा आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

# नवकार महामंत्र की गूंज से गूंजा भीलवाड़ा, हजारों श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक जाप

**राज्यपाल बागड़े बोले आत्मशुद्धि का दिव्य मार्ग, अहिंसा-अपरिग्रह से विश्व शांति का आह्वान**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

वैश्विक आव्हान पर भीलवाड़ा गुरूवार को आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति का अनुपम संगम बन गया, जब मेडिसिटी ग्राउंड पर 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने पूरे शहर को धर्म, आस्था और साधना की ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि नवकार महामंत्र किसी एक व्यक्ति विशेष की स्तुति नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में रची-बसी आत्मशुद्धि, आस्था और साधना का सार्वभौमिक प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह महामंत्र मनुष्य को भीतर से सशक्त बनाता है और उसे उच्चतर जीवन मूल्यों की ओर अग्रसर करता है। बागड़े ने इसे विश्व के प्राचीनतम और पवित्रतम मंत्रों में से एक बताते हुए कहा कि यह अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद जैसे महान सिद्धांतों पर आधारित है, जो आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

राज्यपाल ने जैन धर्म की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थंकरों ने अपने जीवन से यह सिखाया कि क्रोध, मोह और द्वेष जैसे आंतरिक शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर ही आत्मज्ञान और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी को इन विकारों का त्याग कर आत्मोन्नति के पथ पर चलने का आह्वान किया।

समारोह में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के कई हिस्सों में चल रहे संघर्ष और युद्ध मानवता के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे में भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का संदेश ही विश्व शांति का आधार बन सकता है। उन्होंने अपरिग्रह के सिद्धांत को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि समाज में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति को त्यागकर हमें जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी से समाज के अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने भारतीय संस्कृति के मूल्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी परंपराएं अहिंसा, सद्भावना और विश्व कल्याण के संदेश से ओत-प्रोत हैं। उन्होंने कहा कि 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो' जैसे संदेश मानवता को सही दिशा प्रदान करते हैं।



भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने जैन दर्शन के अनुमोदना सिद्धांत की व्याख्या करते हुए कहा कि जिन आदर्शों के प्रति श्रद्धा होती है, उनका अनुसरण स्वतः ही जीवन में उतर जाता है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का नियमित जाप मन और हृदय की शुद्धि करता है और व्यक्ति को मोक्ष के मार्ग की ओर अग्रसर करता है।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और भावनात्मक क्षण वह रहा, जब हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया। पूरे मेडिसिटी ग्राउंड में मंत्रोच्चार की गूंज से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वातावरण में दिव्यता स्वयं उतर आई हो। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, मानव कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भक्ति में लीन होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

समारोह में माण्डलगढ़ विधायक गोपाल लाल, सहाड़ा विधायक लादुलाल पितलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जीतो के महावीर चैधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी तथा जैन समाज के सैकड़ों वरिष्ठजन भी मौजूद रहे। राज्यपाल के आगमन पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक संस्था ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में शांति, सद्भावना और आध्यात्मिक जागृति का संदेश भी देकर गया।

# 12 अप्रैल 2026 को उदय हो रहा है.... न्याय और कर्मफल का ग्रह शनि.....

**किन किन राशियो को मिलेगा शुभफल ? जानिये.....**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचन्द पेसवानी

रविवार वैशाख कृष्ण दशमी को कर्मफलदाता और कलियुग का न्यायधीश शनि ग्रह अंशो में सूर्य से दूर होते ही मीन राशि में उदय हो जायेगा। ज्योतिषविद् पंडित योगेंद्र शर्मा ने बताया कि 08 मार्च 2026 से मीन राशि में अस्त चल रहे शनि ग्रह के उदय होते ही कई राशियो की किस्मत के द्वार खुल सकते है। 12 अप्रैल को सूर्य और शनि में लगभग 15 अंशो की दूरी हो जायेगी जिससे अस्त चल रहा शनि उदय हो जायेगा। वर्तमान में बृहस्पति की राशि मीन में भ्रमणरत शनि के उदय होते ही कुछ राशियो के लिए नई उम्मीद और सफलता की सम्भावनाऐं बढ जायेगी। ज्योतिषी आचार्य योगेंद्र ने बताया कि जब कोई ग्रह अस्त अवस्था से निकलकर उदय होता है तो उसकी चेतना और शक्ति में असीमित बढोतरी होती है। शनि कर्मो का न्याय करने वाला ग्रह माना जाता है। जो मनुष्य को कर्म और मेहनत के अनुसार फल देता है। स्थायी प्रभाव देने वाला शनि हमेशा अच्छे और बुरे कर्मो के अनुसार परिणाम देता है। इसे अकस्मात् चमत्कार वाला ग्रह नही माना जाता बल्कि शनि जीवन में धीरे धीरे पोजिटिव बदलाव लेकर आता है। अंतराष्ट्रीय ज्योतिषी आचार्य योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी बारह राशियो में से किन किन राशियो को उदय शनि लाभ देकर जायेगा... जानते है।

वृष राशि वालो के एकादश भाव अर्थात् लाभ भाव में पापी ग्रह शनि का उदय होना शुभफलदायी माना जायेगा। रूके कार्य बनेगें। आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। अब तक आ रही परेशानियां काफी कम या समाप्त होगी।

मिथुन राशि वालो के दशम् भाव में मीन राशि में शनि का उदय होना व्यापार और नौकरी के लिए काफी अच्छा फल देकर जायेगें। जो योजनाऐं काफी समय से अटकी हुई थी उनका क्रियान्वन हो सकता है। आर्थिक दशा में सुधार आएगा।

तुला राशि के छठे भाव में शनि का उदय



होना शत्रुओ पर विजय दिलवा सकता है। न्यायलय में चल रहे विवाद आपके पक्ष में निर्णय हो सकता है या किसी तरह का पोजिटिव समझौते की सम्भावना रहेगी। थोडे समय से परेशान कर रही किसी भी तरह की बीमारी से छुटकारा मिल सकता है।

मकर राशि के तीसरे भाव में शनि का उदय होना शुभ माना जायेगा। भाई बन्धुओ से चल रहा तनाव कम या समाप्त हो सकता है। जिन कार्यो में आपने मेहनत की है उनका आपको दुगुना फल मिल सकता है। धन के मामले में शनि का उदय होना आपके लिए पोजिटिव रहेगा। रोग दोषो से मुक्ति मिलेगी।

बाकी बची राशियां मेष, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धनु, कुम्भ और मीन के लिए शनि का उदय होना मिला जुला फल मिलेगा। इनमें से मेष और सिंह राशि को अवश्य सावधान रहना चाहिए क्योंकि मेष के बारहवें भाव में और सिंह के आठवें भाव में अभी भी चार ग्रहो जमावडा विशेषकर सूर्य, शनि और मंगल की होना शुभ नही माना जाता सकता।

जिन राशियो को उदय शनि का शुभफल नही मिले वे सोमवार से शनिवार सूर्यास्त के बाद शनि मंत्र ओम शनि देवाय नमः बोलते हुए पीपल के नीचे सरसो के तेल का दीपक जलाये।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# रहड़ पंचायत का बड़ा फैसला, बेटियों को मिली 7 बीघा जमीन की सौगात

**प्रशासक सलीम खां का नवाचार बना जिले में मिसाल, बालिका स्कूल के लिए 1.75 हेक्टेयर भूमि दान, बनेगा नया भवन-खेल मैदान**





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा तहसील के रहड़ ग्राम पंचायत में एक ऐसा निर्णय लिया गया है, जिसने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीद जगा दी है। पंचायत प्रशासक सलीम खां कायमखानी ने नवाचार करते हुए ग्राम पंचायत की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए 7 बीघा (1.75 हेक्टेयर) भूमि दान कर दी। यह जमीन स्कूल भवन निर्माण और खेल मैदान के लिए दी गई है। क्षेत्र में इस तरह का यह पहला मामला माना जा रहा है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है।

लंबे समय से भूमि अभाव और जर्जर भवन में पढ़ाई कर रही छात्राओं के लिए यह निर्णय राहत लेकर आया है। अब नए भवन और खेल मैदान के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। पंचायत ने यह प्रक्रिया विधिवत तरीके से पूरी की। पहले पंचायत बोर्ड में प्रस्ताव लिया गया, फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जमीन स्कूल के नाम कर दी गई। इस पहल को लेकर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के फैसले गांव की दिशा बदल सकते हैं। खासकर बेटियों की शिक्षा को लेकर यह कदम भविष्य में बड़ा बदलाव लाएगा।

इस उपलब्धि पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की। इसके बाद प्रशासक सलीम खां कायमखानी और ग्राम विकास अधिकारी दीपक धाकड़ ने स्कूल प्रशासन को भूमि की रजिस्ट्री सौंप दी।

समारोह में सलीम खां ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति जीवन के दो अहम आधार हैं और बेटियों को इससे वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि पंचायत का उद्देश्य है कि हर बालिका को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिलें, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके।

विद्यालय की प्राचार्य ममता राजावत ने पंचायत का आभार जताते हुए कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि एक बालिका को शिक्षित करने से पूरा परिवार और समाज शिक्षित होता है, इसलिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है।

सेवानिवृत्त सीडीईओ योगेश पारीक ने कहा कि शिक्षित बालिका ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होती है। उन्होंने पंचायत के इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए कहा कि अन्य पंचायतों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में सेवानिवृत्त एडीईओ नवनीत जोशी, पीईईओ हेमराज खटीक, ग्राम विकास अधिकारी दीपक धाकड़, पटवारी गोविंद सिंह, ईश्वर गुर्जर, रामस्वरूप रेगर, रामदेव बैरवा, गोविंद गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

रहड़ पंचायत का यह कदम अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर मान रहे हैं। साफ है कि सलीम खां कायमखानी का यह नवाचार न केवल बेटियों के सपनों को पंख देगा, बल्कि गांव के विकास की नई इबारत भी लिखेगा।

# राज्य स्तरीय कुश्ती में भीलवाड़ा का दबदबा, 6 जनरल चैंपियनशिप जीतकर बनाया रिकॉर्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 5 से 7 अप्रैल में भीलवाड़ा के पुरुष व महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 जूनियर और अंडर-17 सब-जूनियर वर्ग सहित सभी 6 जनरल चैंपियनशिप जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि यह उपलब्धि अब तक किसी अन्य जिले के नाम नहीं रही। प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के पहलवानों ने कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा सहित अन्य अतिथियों ने पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस सफलता पर खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों व खेल संस्थाओं ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# युवाओ को कानून से जोड़ने की पहल, साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन

## न्यायिक अधिकारी सबा परवीन कागजी ने कहा डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार 'नेविगेटिंग लाइफ लीगल' अभियान के तहत युवाओं को विधिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित न्यायिक अधिकारी सबा परवीन कागजी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग और साइबर बुलिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए विद्यार्थियों को सजग रहना बेहद जरूरी है।

उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, ओटीपी किसी से साझा न करें और सोशल मीडिया का सुरक्षित तरीके से उपयोग करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या अपराध होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया गया, जिसमें उन्होंने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उनके समाधान प्राप्त किए। इस शिविर में लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एसीजेएम कोर्ट स्टाफ रीडर गोपेश कुमार शर्मा, नरेश धाकड़, हिमांशु उपाध्याय, पीएलवी गोपाल लाल पाराशर, पीएलवी अंजली नायक, पीएस बिजोलिया रामदयाल चौधरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह महावर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप, विश्व शांति की कामना

## विश्व के 108 देशों में एक साथ गूंजा नवकार मंत्र, जैन समाज ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी संतशाला में श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान पार्श्वनाथ के चित्र के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके बाद उपस्थित साधर्मिजनों ने एक स्वर में नवकार महामंत्र का जाप करते हुए वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि इस अवसर पर विश्व के 108 देशों में 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ नवकार महामंत्र का जाप किया गया। इस वैश्विक आयोजन में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# बरूंदनी रेलवे स्टेशन पर अंडरब्रिज ऊंचा करने की मांग, एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की भी उठी आवाज

## कम ऊंचाई से बड़े वाहन परेशान, ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



भीलवाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित बरूंदनी रेलवे स्टेशन के पास बने रेलवे अंडरब्रिज की कम ऊंचाई से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। बुधवार को ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर अंडरब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि अंडरब्रिज की वर्तमान ऊंचाई लगभग 4 मीटर है, जिससे बस और ट्रक जैसे बड़े वाहन नहीं निकल पाते। इसके चलते वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने अंडरब्रिज की ऊंचाई कम से कम 5 मीटर करने की मांग करते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा। साथ ही बरूंदनी रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के निकट स्थित सिंगोली चारभुजा नाथ मंदिर एवं चंवरा का हनुमान मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा क्षेत्र के मरीजों को उपचार के लिए अहमदाबाद जाना पड़ता है, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव नहीं होने से उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस दौरान प्रशासक गजेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## QUICK BITES

### शाहपुरा को फिर जिला बनाने का वादा, सियासत में गरमाई बहस

# कांग्रेस नेता रामलाल जाट का बड़ा बयान, 'सरकार बनी तो तुरंत बनेगा वृहद जिला '

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचन्द पेसवानी** शाहपुरा को जिला बनाने का मुद्दा एक बार फिर सियासी गलियारों में गर्मा गया है। देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने साफ शब्दों में ऐलान किया है कि जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, शाहपुरा को दोबारा जिला बनाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाएगी।

बिजौलियां में राजस्थान फोकस से बातचीत करते हुए जाट ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने दूरदर्शी फैसला लेते हुए शाहपुरा को जिला बनाया था, जो सत्ता के विकेंद्रीकरण की दिशा में अहम कदम था। उन्होंने तर्क दिया कि वर्ष 1956 में प्रदेश में महज 25 जिले थे, जबकि आज आबादी 8 करोड़ के पार पहुंच चुकी है, ऐसे में नए जिलों का गठन समय की मांग है।

जाट ने यह भी कहा कि कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता इस मुद्दे पर एकमत हैं और शाहपुरा को फिर से जिला बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भाजपा की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बिना जनता की राय लिए जिला समाप्त करने का फैसला लिया गया, जो जनभावनाओं के खिलाफ है।

उन्होंने स्वीकार किया कि पिछली प्रक्रिया में कुछ कमियां रह गई होंगी, लेकिन अबकी बार पंचायतों और ग्राम सभाओं से प्रस्ताव लेकर व्यापक सहमति बनाई जाएगी, ताकि शाहपुरा को एक वृहद और सशक्त जिला बनाया जा सके। गौरतलब है कि जिला समाप्त होने के बाद से शाहपुरा में संघर्ष समिति लगातार आंदोलन कर रही है। जाट ने भरोसा दिलाया कि जनता की इस जायज मांग को कांग्रेस सरकार बनते ही प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

# जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक 16 को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की नियमित मासिक बैंठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई 16 अप्रेल गुरूवार को सुबह 11 बजें जिला कार्यालय के वी सी कक्ष (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में विड़ियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से आयोजित होगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्क फोर्स टीकाकरण समिति एवं ई-मिशन टीम की बैठक 13 को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला स्वास्थ्य, समिति, जिला टास्क फोर्स टीकाकरण समिति एवं ई-मिशन टीम की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 13 अप्रेल को सांय 4 बजे से आईएमए हॉल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पास आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला स्वास्थ्य समिति एवं मु.चि.एवं स्वा. अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने दी।

# भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ 'नानी बाई को मायरो' महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विधुत नगर महिला सत्संग मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय 'नानी बाई को मायरो' महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक पंडित हरिओम पुरोहित वृंदावन ने कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा से ही चमत्कार होते हैं और भगवान भक्त के हर भाव को स्वीकार करते हैं।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और व्यवस्थाएं भी सुचारू रहीं। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# लाडो सेवा फाउंडेशन को राष्ट्रीय हिन्द गौरव विभूषण अवार्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए लाडो सेवा फाउंडेशन को भारतीय क्रीड़ा विकास संगठन एवं ड्रॉप रोबॉल महासंघ द्वारा राष्ट्रीय हिन्द गौरव विभूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया।

संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि यह सम्मान महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंदों के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों के लिए मिला है। समारोह में डॉ. ईश्वर सिंह आचार्य सहित अन्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

संस्था द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सहायता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। फाउंडेशन ने इस सम्मान को प्रेरणा बताते हुए सेवा कार्य और विस्तार करने की बात कही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।